आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राजस्व मामलों का त्वरित व समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर दिया बल।
- शिमला में कल से हिम एम.एस.एम.ई. फेस्ट 2026 का होगा आयोजन–नवाचार, उद्यमिता व समावेशी विकास को मिलेगा बढ़ावा।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर कांग्रेस पर बेतुकी बयानबाजी करने का लगाया आरोप।
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा– पूर्व भाजपा सरकार ने मिशन रिपीट के लिए प्रदेश के खजाने पर डाला आर्थिक बोझ।
- ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कल हुई हल्की बर्फबारी व निचले इलाकों में वर्षा से तापमान में गिरावट– 6 जिलों में शीतलहर का यलो अलर्ट।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने राजस्व मामलों का त्वरित व समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर बल दिया है। शिमला में आज एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने पांच जनवरी के बाद सभी तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को हर सप्ताह मंगलवार, बुधवार और वीरवार को तकसीम के मामलों की सुनवाई करने के निर्देश दिए ताकि इनका समयबद्ध निपटारा किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला उपायुक्त प्रत्येक शनिवार को तकसीम के मामलों की सुनवाई की समीक्षा करेंगे और उसी दिन समीक्षा रिपोर्ट अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व को प्रस्तुत करेंगे। इसी तरह राजस्व सचिव हर सोमवार को राजस्व मंत्री को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग से प्रदेश में निजी, वन और सरकारी भूमि का पूरा विवरण प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार रामसुभग सिंह और मुख्य सचिव संजय गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे जबकि सभी ज़िलों के उपायुक्त वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

हिमफैस्ट

उद्योग विभाग द्वारा शिमला में कल 3 जनवरी से 5 जनवरी तक हिम एमएसएमई फेस्ट–2026 का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि ये आयोजन प्रदेश सरकार के आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प को साकार करते हुए नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास को बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये फेस्ट प्रदेश के लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने के अवसर प्रदान करेगा। साथ ही छोटे उद्यमियों, कारीगरों और स्टॉर्टटप के सपनों को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित होगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि एमएसएमई फेस्ट पहाडों का हुनर–अब वैश्विक मंच पर–थीम से आयोजित किया जा रहा है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिम एमएसएमई फेस्ट में फैक्ट्री आउटलेटस और प्रदर्शनी स्टॉलों के माध्यम से प्रदेश के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हिमाचली पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने ग्रामीण व गरीब परिवारों के लिए विकसित भारत जी राम जी योजना लागू की है जिसके तहत एक सौ 25 दिन की रोजगार गारंटी दी जा रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस योजना को लेकर भी बेतुकी बयानबाजी कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। बिंदल ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस व्यवस्था परिवर्तन की बात करती है लेकिन हकीकत में सुक्खू सरकार प्रदेश को व्यवस्था पतन की ओर धकेल रही है।

जो ये व्यवस्था परिवर्तन की बात कहते हैं उस व्यवस्था परिवर्तन नहीं, गरीबों के लिए व्यवस्था पतन की तैयारी के अंदर वर्तमान सरकार जुटी है। केंद्र की नरेंद्र भाई मोदी सरकार ने नई योजना के नाम पर जी राम जी योजना दी जिसके अंतर्गत गरीबों के लिए 125 दिन की दिहाड़ी का प्रावधान है परंतु प्रदेश की सरकार जो जी राम जी योजना है उसके बारे में भी यह अनर्गल बयान बाजी करके वास्तव में गांव के गरीब के साथ अन्याय कर रही।

बिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा प्रभावित गरीब परिवारों के लिए हजारों करोड़ रूपए की राहत राशि प्रदान की और उस राशि को प्रभावितों तक पहुंचाने में भी राज्य सरकार पूरी तरह विफल रही है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना रोजगार की गारंटी की दिशा में मोदी सरकार द्वारा उठाया गया अभूतपूर्व कदम है। उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी बल्कि ये विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में भी मददगार साबित होगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी केवल एक रोजगार योजना नहीं बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का एक ब्लूप्रिंट है। उन्होंने कहा कि इसका उददेश्य लंबे समय से चली आ रही बिखरी हुई व्यवस्था और नीतिगत गतिरोध को समाप्त करना है।

नियुक्ति

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी ममता वर्मा को दूरदर्शन समाचार के महानिदेशक का प्रभार दिया गया है। भारतीय सूचना सेवा के 1994 बैच की अधिकारी ममता वर्मा शिमला जिला की निवासी हैं। ममता वर्मा अब तक केंद्रीय पंचायतीराज विभाग में संयुक्त सचिव का पदभार संभाल रही थीं।.

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार ने मिशन रिपीट के लिए प्रदेश के खजाने पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा नेता हिमाचल के बारे में दुष्प्रचार करते हैं, जबकि पूर्व भाजपा सरकार कर्मचारियों की दस हज़ार करोड़ रूपए की देनदारियां छोड़कर गई। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हिमाचल की आर्थिक स्थिति को खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और अब भाजपा नेता दिल्ली जाकर भी केंद्र सरकार से हिमाचल की मदद रूकवाने का काम कर रहे हैं।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि भारत जापान को पछाड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि ये सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा अपनाई गई दूरदर्शी, सुधारोन्मुखी और विकासशील आर्थिक नीतियों का सशक्त प्रमाण है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत घरेलू मांग, युवा आबादी, तकनीकी नवाचार और बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश के कारण तेजी से आगे बढ़ रही है।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिंकदर कुमार ने हमीरपुर जिले के नादौन क्षेत्र में बडोहग, पटवार वृत को कांगू से उपतहसील गलोड़ शिफ्ट किए जाने की अधिसूचना जारी किए जाने की कड़ी निंदा की है। एक बयान में उन्होंने कहा कि बडोहग पटवार वृत के अंतर्गत लगभग एक दर्जन गांव आते हैं जिससे हजारों लोगों को राजस्व संबंधी कार्य करवाने में सुविधा मिल रही थी। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि गलोड़ उपतहसील बडोहग पटवार वृत से करीब आठ से 14 किलोमीटर की दूरी पर है जिससे अब लोगों पर समय और धन दोनों का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पर पूरे प्रदेश सहित अपने गृह क्षेत्र की जनता को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। सिकंदर कुमार ने जनहित को देखते हुए इस अधिसूचना को तुरंत प्रभाव से वापिस लेने का सरकार से आग्रह किया है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना रहा। हालांकि अधिक उंचाई वाले इलाकों में कल हुई हल्की बर्फबारी और निचले इलाकों में वर्षा से शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि बर्फबारी व वर्षा से तापमान में तीन से पांच डिग्री सैल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कल 3 जनवरी से मौसम के पूरी तरह साफ रहने की संभावना है जबकि छह जिलों ऊना, शिमला, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और सोलन में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है।